एसआरएमएस में इंडस्ट्री इंटरफेस सेशन का किया गया आयोजन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (1 April): श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी के ट्रेनिंग डेवलेपमेंट एंड प्लेसमेंट विभाग में मंडे को इंडस्ट्री इंटरफेस के सेशन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ प्लेसमेंट सेल के हेड अनुज कुमार और विनीत नेहरा ने किया.

अतिथि को पौधा देकर किया गया सम्मानित.

जॉब दिलाना टॉरगेट

विनीत नेहरा ने स्टूडेंट्स को यूनिवर्सिटी इंडस्ट्री इंटरफेस सेल के बारे में बताया. उन्होंने बताया कि इस सेल का मुख्य उद्देश्य एकेटीयू से सम्बद्ध सभी कॉलेजों के स्टूडेंट्स को अच्छी कंपनियों में रोजगार दिलवाना है. इस सत्र में 10 हजार स्टूडेंट्स को रोजगार दिलवाने का टारगेट रखा गया है. उन्होंने स्टूडेंट्स को इस प्लेटफार्म की खूबियों के बारे में बताया एवं इस प्लेटफार्म में जुड़ने का तरीका भी बताया. इस दौरान स्टूडेंट्स से कई सवाल पूछे गए. इस मौके पर स्टूडेंट्स के सवालों के उत्तर भी दिए. इसमें बीटेक अंतिम वर्ष एवं तृतीय वर्ष के स्टूडेंट्स ने भाग लिया. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रो. सुभाष मेहरा, डीन एकेडमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता तथा निर्मल जोशी, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफीसर, राकेश मिश्रा, नेहा सक्सेना और अनुज कुमार आदि लोग मौजूद रहे.

बीटेक अंतिम वर्ष एवं तृतीय वर्ष के स्टूडेंट्स ने भाग लिया